भारतीय कृषि अनुसंधानपरिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
KrishiBhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा0सं0 8(1)/2018–हिन्दी दिनांक :09 जनवरी, 2019

परिपत्र

विषय :राजभाषा आलोक, 2018 पत्रिका मे प्रकाशित करने हेतु सामग्री भेजने के संबंध में।

जैसा कि विदित है कि परिषद मुख्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष राजभाषा आलोक पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है। उक्त पत्रिका में परिषद मुख्यालय तथा इसके अधीनस्थ सभी संस्थानों/केन्द्रों में आयोजित राजभाषा संबंधी गतिविधियों के साथ ही राजभाषा हिन्दी में लिखे गए विभिन्न लेखों का प्रकाशन किया जाता रहा है।

परिषद द्वारा राजभाषा आलोक पत्रिका के वर्ष 2018 के अंक का प्रकाशन किया जाना है जिसके लिए परिषद मुख्यालय के सभी अधिकारियों/अनुभागों तथा सभी संस्थानों/केन्द्रों से पांडुलिपियां आमंत्रित हैं। उक्त पत्रिका में 01 जनवरी, 2018 से 31 दिसम्बर, 2018 के दौरान आयोजित कार्यक्रमों/लेखों को प्रकाशित किया जाएगा। कृपया निम्नलिखित मदों के अनुसार सामग्री भेजने की कृपा करें:–

1. वर्ष 2018 के दौरान आपके संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केंद्र पर आयोजित हिन्दी मास/ पखवाड़ा/हिन्दी सप्ताह/हिन्दी दिवस/अन्य कार्यक्रमों की जानकारी (एक पृष्ठ में एक चित्र के साथ)।
2. वर्ष 2018 के दौरान आपके संस्थान/निदेशालय/ब्यूरो/केंद्र पर आयोजित हिन्दी कार्यशाला की जानकारी (एक पृष्ठ में एक चित्र के साथ)
3. वर्ष 2018 के दौरान संस्थान की प्रमुख उपलब्धियां (बुलेट के रूप में अधिकतम 10 बिन्दु)
4. राजभाषा हिन्दी मे लिखे गए लेख (अधिकतम 03 पृष्ठ, केवल उत्कृष्ट लेखों को ही पुस्तिका में स्थान दिया जा सकेगा)।
5. वर्ष के दौरान प्राप्त पुरस्कार/सम्मान का संक्षिप्त विवरण (अधिकतम आधा पृष्ठ)
6. वर्ष, 2018 के दौरान प्रकाशित हिन्दी प्रकाशनों की सूची
7. राजभाषा आलोक हेतु सामग्री केवल ई–मेल के माध्यम से ईमेल **hindianubhag@yahoo.in** पर भिजवाई जाए।

यह भी अनुरोध है कि भेजी जा रही सामग्री संक्षिप्त एवं सारगर्भित तथा कृतिदेव–016 फोंट में टाइप करके रंगीन चित्रों के साथ केवल ईमेल: **hindianubhag@yahoo.in** पर (हार्ड कॉपी न भिजवाई जाए) परिषद के प्रत्येक संस्थान/केन्द्र/ब्यूरो के निदेशक/अध्यक्ष/प्रभारी के माध्यम से दिनांक 31 जनवरी, 2019 तक परिषद को भेजने की कृपा करें।

भवदीया

सीमा चोपड़ा 9.1.19

(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (राजभाषा)

वितरण:

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी अनुभाग/अधिकारी जिसमें कृषि अनुसंधान भवन–I एवं II भी शामिल हैं।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी संस्थानों/केन्द्रों/ब्यूरो/निदेशालयों/क्षेत्रीय केन्द्रों के निदेशक/अध्यक्ष/प्रभारी।